पेट सफा तो... हर रोग दफा
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा टैबलेट्स। पेट सफा टैबलेट की आदत भी नहीं पड़ती और यह पहली रात से असर दिखाती है।
Dr. Juneja's पेट सफा
NATURAL LAXATIVE TABLETS
NO. 1 BRAND
कब्ज़
एसिडिटी
गैस
MRP ₹120 30 Tablets
यहाँ से भी खरीदें amazon | Flipkart | blinkit | zepto
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical & general stores

चिकित्सक से राजनेता और अब राज्यपाल तक का सफर

पेशे से आयुष चिकित्सक डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने डेढ़ दशक तक दीं चिकित्सा सेवाएं

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। करीब डेढ़ दशक तक चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने राजनीतिक राह चुनी। चार बार मध्य प्रदेश में विधायक बने। एक बार कैबिनेट मंत्री रहे और एक बार लोकसभा सांसद भी चुने गए।

राज्यपाल का जन्म मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के ग्राम पिपरिया में हुआ था। उनके पिता का नाम सेवकराम बिसेन, माता का नाम सोना बाई बिसेन है। उनकी पत्नी भानुमति बिसेन हैं। एक पुत्र डॉ.लोकेश बिसेन ऑर्थो सर्जन हैं, जबकि दो पुत्रियां विवाहित हैं। डॉ. ढाल सिंह आयुष चिकित्सक हैं। उन्होंने 1975 से 1990 तक चिकित्सकीय कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों खासकर गंगेरूआ गांव में सेवाएं दीं। 1990 में मध्य प्रदेश की बरघाट विधानसभा से पहली बार विधायक चुने गए। 1993 में दूसरी बार विधायक बने। 1998 में तीसरी बार विधायक बने और विभिन्न समितियों में सदस्य रहे। साथ ही भाजपा विधायक दल के सचेतक भी रहे।

1990
में पहली बार बने विधायक, चार बार विधायक, एक बार कैबिनेट मंत्री, एक बार सांसद

वर्ष 2003 में लगातार चौथी बार बरघाट से विधायक चुने जाने के बाद कैबिनेट मंत्री बने। उन्हें वन, परिवहन, खनिज साधन मंत्री का दायित्व मिला। इसके अलावा वन विकास निगम, लघु वनोपज संघ, राज्य परिवहन निगम, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। 2004 में उन्हें स्कूल शिक्षा और जेल विभाग का दायित्व मिला। 2012 से 2013 में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पद पर रहे। 2019 में बालाघाट सिवनी लोकसभा से सांसद चुने गए।

मध्य प्रदेश में कई फैसले आज भी यादगार

मध्य प्रदेश में वन मंत्री रहते हुए डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने तेंदूपत्ता नीति जारी की। नीति आने के बाद बिना कोई खर्च किए पहले वर्ष में राजस्व एक करोड़ से बढ़कर 16 करोड़, दूसरे वर्ष में 35 और तीसरे वर्ष में 65 करोड़ रुपये हो गया। इसी प्रकार शिक्षा मंत्री रहते हुए गांव की बेटी योजना, बच्चों को साइकिल प्रदाय योजना, मध्य प्रदेश में मोगली उत्सव समेत उनके कई फैसले यादगार हैं।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी विजयदशमी की बधाई

देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने विजयदशमी पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि विजयदशमी सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें बुराइयों का त्याग कर जीवन में सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से इस पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने तथा सामाजिक एकता एवं समरसता को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। ब्यूरो

राज्य में आपदा से 3362 भवनों को हुआ नुकसान

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। राज्य में आपदा से काफी नुकसान हुआ है। तीन हजार से अधिक भवनों को नुकसान पहुंचा है, जबकि एक हजार से अधिक पशु क्षति हुई है। प्रदेश में नौ हजार किमी से अधिक सड़क बारिश और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार एक अप्रैल से 18 अक्तूबर से आपदा के कारण 69 लोगों की मृत्यु हुई और 76 लोग घायल हुए। भवनों को भी खासा नुकसान हुआ। 3143 भवनों को आंशिक और 208 को गंभीर नुकसान पहुंचा। 11 भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा छोटे- बड़े 1059 पशुओं की क्षति हुई है। राज्य की 9389 किमी सड़क भी क्षतिग्रस्त हुई।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन बताते हैं कि आपदा प्रभावित को एक सप्ताह के अंदर मदद उपलब्ध कराई जाती है।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को केंद्र को भेजा प्रस्ताव : सीएम

हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विवि में 20.55 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेलाकुई में हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया है। केंद्र से सहमति मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद इस दिशा में आगे कार्य किया जाएगा। देहरादून के अलावा हल्द्वानी और श्रीनगर के मेडिकल कॉलेजों में भी सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के शुरू होने से प्रदेश की चिकित्सा सेवा में बड़ी कमी दूर हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी लोगों का जीवन बचाने के साथ ही उन्हें नया जीवन देने का कार्य करते हैं, इसलिए चिकित्सा पेशे में सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी एक कुशल चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी या अन्य स्वास्थ्य पेशेवर के रूप में अपनी सेवाएं दे सके, यह सरकार का प्रयास है। सीएम ने कहा कि एचएनबी विश्वविद्यालय प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विकास और युवाओं के भविष्य निर्माण में अच्छी भूमिका निभा रहा है।

एम्फीथिएटर का शिलान्यास, दंत चिकित्सालय का लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सेलाकुई में हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय में 20.55 करोड़ रुपये की पांच योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें प्रशासनिक भवन, एम्फीथिएटर एवं नक्षत्र वाटिका का शिलान्यास और विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार एवं दंत चिकित्सालय का लोकार्पण शामिल था। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) भानु दुग्गल, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना, संजय गौड़, डॉ. राजेश मौर्या सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।







भाजपा छोड़ कर रामचरण नौटियाल कांग्रेस में शामिल

देहरादून। उत्तराखंड के जौनसार बावर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामशरण नौटियाल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

वर्ष 2022 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके रामशरण नौटियाल ने कुछ दिन पहले ही भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। रामचरण नौटियाल प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल के पिता हैं।

उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य गुरदीप सप्पल, सह प्रभारी मनोज यादव की मौजूदगी में नौटियाल ने कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि वर्तमान समय में देश अनेक गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है।

ऐसे दौर में लोकतांत्रिक मूल्यों, सांविधानिक मर्यादाओं, सामाजिक सौहार्द और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ब्यूरो

उत्तराखंड में समूह-ग की दो परीक्षाएं स्थगित

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने समूह-ग की दो भर्ती परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अब इनकी नई तिथि अलग से जारी की जाएगी। वहीं, लाइनमैन व मनोवैज्ञानिक, प्रशिक्षक, अनुदेशक की परीक्षा निर्धारित 25 अक्तूबर को ही होगी।

आयोग के सचिव एनएस डुंगरियाल की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, 25 अक्तूबर को होने वाली कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक ग्रेड-1, वैयक्तिक सहायक (सिविल एवं कुटुम्ब न्यायालय) भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इसी प्रकार, एक नवंबर को होने वाली सहायक लेखाकार व अन्य पदों की भर्ती परीक्षा भी अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। इनकी नई तिथि की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर अलग से जारी की जाएगी। आयोग के सचिव डुंगरियाल के मुताबिक, 25 अक्तूबर को प्रथम पाली में लाइनमैन व मनोवैज्ञानिक पदों की भर्ती परीक्षा होगी। दूसरी पाली में प्रशिक्षक, अनुदेशक भर्ती परीक्षा होगी। ब्यूरो

यूजेवीएनएल बनाएगा आधुनिक बैडमिंटन हॉल

देहरादून। उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड(यूजेवीएनएल) ने स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के साथ सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए सीमांत चंपावत जिले के बनबसा में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत 150.20 लाख की लागत से निर्मित होने वाले बैडमिंटन हॉल का शिलान्यास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन करम चंद स्टेडियम बनबसा में किया।

यूजेवीएनएल के एमडी अजय कुमार सिंह ने बताया कि निगम विद्युत उत्पादन के अपने मूल दायित्व के साथ-साथ अपने परियोजना क्षेत्रों और आसपास के समुदायों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। निगम की सीएसआर गतिविधियों का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ऐसे कार्य करना है, जिनका लाभ सीधे आमजन, विशेषकर युवाओं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। ब्यूरो

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1566/2 ए0सी0 दिनांक 03.10.2026 द्वारा कार्य की निविदा आंमत्रित की गई थी, जो दिनांक 21.10.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाली जानी थी, एवं दिनांक 21.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणो से उक्त निविदा को दिनांक 22.10.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक प्राप्त कर दिनांक 22.10.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक डाली जायेगी। दिनांक 22.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, एवं पूर्व निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर धनराशि को निम्नतालिका के अनुसार संशोधित किया रहा है–

क्र. सं.	कार्य का नाम	पूर्व निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)	पूर्व धरोहर राशि (रू0)	संशोधित धरोहर राशि (रू0)
1	जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा धारचूला में वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत दारमा घाटी के खिम नामक स्थान पर 50 मी0 स्पान झूला पुल के रिवर ट्रेनिंग तथा एबटमेन्ट का सुरक्षा कार्य।	1500.00 + 18% GST	1000.00 + 18% GST	22500.00	13000.00

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
अस्कोट (पिथौरागढ़)

पत्रांक- कैम्प/2 एम.जी. दिनांक 19.10.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अस्कोट (पिथौरागढ़)
E-mail- eepwdaskote@gmail.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा : रामनगर, मोबाइल– 8477009648, ई–मेल– ramnai@bankofbaroda.co.in
ई–नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस "परिशिष्ट– ।।–ए [नियम 6 (2), 8 (6) एवं 9 (1) का प्रावधान देखें]

चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी द्वारा बिक्री की सूचना, सिक्योरिटाइजेशन एवं रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम, 2002 एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के परंतुक तथा नियम 8(6) के अंतर्गत

सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आम जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं), बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल एवं चल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित हैं तथा जिनका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें नीचे उल्लिखित खाते/खातों में बकाया राशि की वसूली हेतु "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर ई–नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा।

लॉट नं.	ऋणकर्ता/ओं/जमानती/ओं/कानूनी वारिसों का नाम एवं पता	अचल/चल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, साथ ही उन पर मौजूद किसी भी प्रकार के भार की जानकारी, यदि कोई हो।	दिनांक 16.10.2026 तक कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तारीख। ई-नीलामी का समय। शुरू होने का समय एवं समाप्त होने का समय।	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली बढ़ाने की राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक /भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख एवं समय।
1.	**1. मैसर्स मंशा जी मेटल प्रोडक्ट्स (कर्जदार),** पता – प्लॉट नं. 449, श्री डेवलपर्स इंडस्ट्रियल एरिया, महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, उत्तराखण्ड– 244713 2. श्री वीरेंद्र चौधरी (पार्टनर), पता – खताड़ी, रामनगर रेंज, जिला– नैनीताल, उत्तराखण्ड– 244715 3. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री भागीरथ लाल चौधरी (पार्टनर), पता – लक्ष्मी विहार, खतारी, रामनगर, जिला– नैनीताल, उत्तराखण्ड– 244715 4. श्री पंकज कुमार शर्मा, पुत्र श्री घनानंद शर्मा (पार्टनर), पता – निशांत विहार, मॉडर्न स्कूल के पास, मुखानी, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड– 263139 5. श्री बलदेव सिंह (जमानती), पता– ग्राम– पापड़ी, बैजुरी, रामनगर, जिला– नैनीताल, उत्तराखण्ड– 244715 6. श्री भागीरथ लाल चौधरी (जमानती), पता – लक्ष्मी विहार, खतारी, रामनगर, जिला– नैनीताल, उत्तराखण्ड– 244715	सम्पत्ति 1– बंधक अचल सम्पत्ति (फैक्ट्री की भूमि एवं भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खाता सं. 572, खसरा सं. 143 मिन, महुआखेड़ागंज, तहसील काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 1028.81 वर्ग मीटर या 0.1028 हेक्टेयर। सम्पत्ति श्री वीरेंद्र चौधरी के नाम पर विधिवत पंजीकृत है। सीमायें – पूरब में प्लॉट सं. 450, पश्चिम में प्लॉट सं. 448, उत्तर में प्लॉट सं. 453, दक्षिण में सड़क।	रु. 51,57,484.28 (रुपये इक्यावन लाख सत्तावन हजार चार सौ चौरासी एवं पैसे अट्ठाइस मात्र) (दिनांक 31.10.2024 से अप्रयुक्त एवं अनअनुप्रयुक्त ब्याज तथा अन्य प्रभार)	25.11.2026 12.00 PM से 05.00 PM	1. रु. 51,61,872.00 2. रु. 5,16,187.00 3. रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा	05.11.2026 10.00 AM से 04.00 PM के बीच

बिक्री की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल 8477009648 पर संपर्क कर सकते हैं

दिनांक : 20.10.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, रामनगर, उत्तराखण्ड

प्राधिकृत अधिकारी